तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

13 छुरा में अटल परिसर का भव्य लोकार्पण

14 छत्तीसगढ़ के विकास और निर्माण में अटल बिहारी...

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला

खबर संक्षेप

सिलयारी बाहरा में घासीदास जयंती पर विधायक का आगमन आज

छुईहा बेलर। प्रतिवर्षानुसार परम पुज्य बाबा गुरूघासीदास जी की 269वीं जयंती 26 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) को सिलयारी बाहरा

संतोषपुरी धाम में संत बाबा खुबलाल टण्डन, संत दुर्गा प्रसाद टण्डन प्रथम ष्टिकार के पावन सानिध्य में मनाया जावेगा। एवं 24,25 एवं 26 दिसंबर को तीन दिवसीय भव्य मेला भी आयोजित है। जिसमें 24 दिसंबर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक, विधानसभा क्षेत्र, राजिम, अध्यक्षता गोपचंद बनर्जी, संरक्षक, सत. समाज जिला-गरियाबंद, विशिष्ट अतिथि इन्द्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर होगें।

30 लीटर शराब जब्त एक गिरफ्तार

महासमुंद। ग्राम केंवटापाली में बसना पुलिस एक आरोपी के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केंवटापाली के बिजेंद्र कुमार जांगड़े अपने घर की बाड़ी में बिक्री के लिए अवैध शराब छुपाकर रखा है। मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी अपने घर बाड़ी में अवैध शराब बिक्री करते हुए मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम बिजेंद्र कुमार जांगड़े पिता स्व शिवनारायण जांगड़े (38 वर्ष) केंवटापाली चौकी भंवरपुर थाना बसना जिला महासमुंद होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 30 लीटर कीमत 6000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

बाइक की डिग्गी से 35 हजार की चोरी

महासमुंद। छुईपाली के मेडिकल स्टोर्स के पास एक बाइक की डिग्गी में रखे 35 हजार रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिए। मामले की रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी कौशल चिरकिया निवासी लखनपुर ने बताया कि 23 दिसंबर को वह अपनी दादी निरवासी चिरकिया के साथ जिला सहकारी बैंक सरायपाली गया था और बैंक से 35000 रुपए निकालकर कपड़े के थैले में दो पासबुक, दो आधार कार्ड, एक कीपैड मोबाईल, जमीन का पट्टा और 35000 रुपए को रखकर बाइककी डिग्गी में डालकर वापस लखनपुर वापस आ रहे थे। इसी बीच दवाई लेने के लिए छुईपाली के श्याम मेडिकल के पास रूके। दवाई लेकर वापस आये और सिंघोड़ा ग्रामीण बैंक आकर देखने पर डिग्गी में रखा उक्त सामान व रकम का थैला नहीं था। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

प्राक्चयन परीक्षा 28 को रायपुर में

महासमुंद। वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के भाग (I) के अंतर्गत अभ्यर्थियों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन परीक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों की प्राक्चयन परीक्षा रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक जिला रायपुर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

5 एकड़ में सब्जी उगाकर खामसिंग बने लखपति, बोलेरो-ट्रैक्टर समेत खरीदे कई वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कभी 'संवेदनशील' और 'नक्सल प्रभावित' होने की पहचान रखने वाले राजापड़ाव क्षेत्र के गौरगांव (ढोलसरई) के एक बुजुर्ग किसान ने अपनी मेहनत से इलाके की तस्वीर बदल दी है। किसान खामसिंग मरकाम ने महज 5 एकड़ खेत में आधुनिक तकनीकी से सब्जी की खेती कर लाखों का मुनाफा कमाया है। उनकी यह सफलता आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। किसान खामसिंग मरकाम ने बताया कि कोरोनाकाल के लॉकडाउन के दौरान उन्होंने अपनी 5 एकड़ टिकरा भूमि पर बोर खनन करवाया और सब्जी उगाना शुरू किया। शुरुआती मेहनत के बाद उन्हें महिंद्रा ड्रिप इरिगेशन के डीलर उधोराम चंद्राकर का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उन्हें आधुनिक खेती और ड्रिप सिंचाई के गुर सिखाए। आज वे कम पानी में बेहतर उत्पादन ले रहे हैं। इन दिनों जब टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं, खामसिंग के खेत में टमाटर की जबरदस्त फसल हुई है। वे बताते हैं। टमाटर, करेला, गोभी, खीरा और बरबट्टी का इतना उत्पादन होता है कि स्थानीय मंडी के अलावा उन्हें रायपुर, धमतरी और राजिम की मंडियों में फसल भेजनी पड़ती है। वर्तमान में रायपुर मंडी में उनका टमाटर 50 से 60 रुपये प्रति किलो ▶▶|शेष पेज 12 पर

- टमाटर से 15 लाख की कमाई, महानगरों तक मांग, खेती से खरीदे वाहन, 25 लोगों को दे रहे रोजगार

लॉकडाउन में बदली किस्मत, बोर खनन से की शुरुआत

युवाओं को संदेश और विभाग से अपेक्षा

खामसिंग मरकाम कहते हैं, आज के युवा खेती से दूर भाग रहे हैं, जबकि खेती ही हमारा मूल आधार है। कड़ी मेहनत और लगन से इसमें अपार खुशहाली है। हालांकि, क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि कृषि विभाग ऐसे प्रगतिशील किसानों को सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दे, तो क्षेत्र में श्वेत क्रांति आ सकती है। वर्तमान में मार्गदर्शन के अभाव में कई किसान सरकारी लाभ से वंचित रह जाते हैं।

भूमिपूजन : विधायक जनक ध्रुव ने नहानबिरी में किया सीसी रोड का भूमिपूजन

धान खरीदी में अव्यवस्था, लापरवाही पर विधायक ध्रुव ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम पंचायत भाठीगढ़ के आश्रित ग्राम नहानबिरी में सीसी रोड़ सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने किया। इस दौरान सरपंच पुष्पा नेगी एवं वरिष्ठजन उपस्थित थे। विधायक जनक ध्रुव ने कहा की लंबे समय से सीसी रोड़ की मांग किया जा रहा था ग्रामीणों की मांग पूरी हुई आज भूमिपूजन के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है निश्चित रूप से इसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा साथ ही भाठीगढ़ पंचायत में देवगुढ़ी भवन का भी निर्माण किया जायेगा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, डाकेश्वर नेगी, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, रामसिंग नागेश, टीकम कपिल, सोहन नागेश, प्रियंका कपिल एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

धान खरीदी में अव्यवस्था को देख भड़के विधायक जनक ध्रुव क्षेत्र के कई धान खरीदी केन्द्रों का विधायक श्री ध्रुव ने निरीक्षण किया। इस दौरान किसानो ने बताया परिवहन नहीं होने के कारण जगह की कमी हो रही है धान रखने के लिए जगह नहीं है। 1-2 दिनों में परिवहन नहीं हुआ तो खरीदी रूकने की संभावना है साथ ही कई किसानों ने बताया की अभी भी सहकारी बैंक में केवाईसी के चक्कर में सैकड़ों किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसान लगातार बैंको और राजस्व विभाग के चक्कर लगा रहे है तो वहीं टोकन काटने में भी परेशानी आ रही है। विधायक जनक ध्रुव ने व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया साथ ही किसानों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने कहा है।

कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड लगाएं

विधायक जनक ध्रुव मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मुख्यमार्ग में मैनपुर मुड़ापारा पुल तक सड़क मरम्मत कार्य का निरीक्षण कियाञ इस दौरान सड़क निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन कोई भी विभाग के जिम्मेदार सबइंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं है जिस पर विधायक ने नराजगी जताते हुए निर्माण कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है और कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरतने कहा है। साथ ही निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश दिया है।

16 लाख का अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले में अवैध धान खपाने की कोशिश कर रहे बिचौलियों पर प्रशासन का बड़ा चाबुक चला है जहां एक ही रात में तीन ट्रकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इस पूरी कार्रवाई को मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम और जुगाड़ थाना प्रभारी यदुराज ठाकुर ने अंजाम दिया है जो रात भर सड़कों पर डटे रहे ताकि किसानों के हक पर डाका डालने वाले तस्करों को सलाखे के पीछे भेजा जा सके। ओड़िशा की सीमा से छत्तीसगढ़ के केंद्रों में धान खपाने के लिए तस्करों ने आधी रात का समय चुना था लेकिन प्रशासन की सक्रियता के आगे उनकी एक न चली टीम ने घेराबंदी करते हुए 1295 पैकेट धान जब्त किया है जिसकी बाजार में कीमत करीब 16 लाख रुपये आंकी जा रही है मैनपुर विकासखण्ड के जुगाड़ थाना क्षेत्र में हुई इस बड़ी कार्रवाई ने सीमावर्ती इलाकों के कोचियों में हड़कंप मचा दिया है। मैनपुर एसडीएम तुलसीदास मरकाम और यदुराज ठाकुर की संयुक्त टीम ने स्पष्ट कर दिया है कि ओड़िशा का एक दाना भी अवैध तरीके से सीमा पार नहीं करने दिया जाएगा जब्त धान और ट्रकों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है अब तस्करों को समझ आ गया है कि इस बार उनकी सेटिंग और जुगाड़ दोनों फेल हो चुके हैं क्योंकि बॉर्डर पर तुलसीदास मरकाम और यदुराज ठाकुर की पैनी नजर है।

राजिम की मुक्तिधाम सेवा समिति संवार रही श्मशानघाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर के मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार वर्ष 2009 में किया गया था। पश्चात इसके नियमित रखरखाव एवं साफ-सफाई के लिए नगर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा गठित मुक्तिधाम सेवा समिति निरंतर सक्रिय है। समिति के सदस्य प्रत्येक सप्ताह रविवार को स्वेच्छा से मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई एवं देखरेख का कार्य करते आ रहे हैं। मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष कमल सिन्हा ने बताया कि समिति में कुल 35 सदस्य हैं, जो विगत कई वर्षों से जनसहयोग के माध्यम से साफ-सफाई, मरम्मत एवं आवश्यक निर्माण कार्य करते आ रहे हैं। कहा कि मृत्यु अटल सत्य है, ऐसे में मुक्तिधाम केवल एक स्थल नहीं बल्कि मानव गरिमा, संवेदनशीलता और सामाजिक दायित्व का प्रतीक है। जानकारी दी कि नगर के एक व्यक्ति द्वारा 50 हजार, सेवक सोनकर 10 हजार ,पार्षद बलराम यादव ने शवदाह हेतु आवश्यक खंभा, पूर्व पार्षद सूरज पटेल ने 5 हजार का सहयोग दिया। वहीं दान पेटी से मिली लगभग 20 हजार की राशि से मुक्तिधाम में रंगाई-पुताई, प्रकाश व्यवस्था, पानी एवं पंखों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। समिति के सदस्य कमल सिन्हा, मुकेश अवसरिया, प्रदीप जैन, भुखन पटेल, सेवक सोनकर, भारत लाल साहू एवं राजेन्द्र पटेल नियमित रूप से प्रातःकाल मुक्तिधाम पहुंचकर इसकी देखरेख में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

रक्सी में कबड्डी प्रतियोगिता 27 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत टोनहीडबरी के आश्रित ग्राम रक्सी में 27 दिसंबर से 28 दिसंबर तक एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका प्रथम पुरस्कार 8000 रूपए सरपंच सरिता ध्रुव एवं ट्राफी स्व.मिलउ राम सोरी की स्मृति में मकरम सिंह द्वारा दिया जाएगा। वहीं इस आयोजन के द्वितीय ईनाम 6000 रुपए ग्राम पच एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा और ट्राफी गोपाल सिन्हा के द्वारा प्रदान किया जाएगा। तृतीय पुरस्कार 4000 रुपए जनपद सदस्य नारायण सिन्हा एवं ट्राफी प्रांजल सिन्हा के द्वारा, और चतुर्थ ईनाम 2000 रुपए टेकचंद सिन्हा और ट्राफी स्व.जोहरू राम सिन्हा की स्मृति में करण सिन्हा के द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 251 रुपए रखा गया है। इस आयोजन में बेस्ट रेडर व कैचर को शिवलाल सिन्हा के द्वारा ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग प्रदान करने वाले भागवत सिन्हा ग्राम पटेल 1000 रुपए, शिवलाल सिन्हा ग्राम प्रमुख 500 रुपए, मिथलेश सिन्हा शिक्षक 500 रुपए,रेखराम ठाकुर 1000 रुपए, धान बाई ▶▶|शेष पेज 12 पर

सीता स्वयंवर और राम विवाह के प्रसंग ने किया मंत्रमुग्ध

कठिन परिस्थितियों में कभी न छोड़ें संयम धैर्य और धर्म का मार्ग : प्रशांत जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित नगर के श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर में इन दिनों भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर अयोध्या धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रशांत जी महाराज अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन से परिचित करा रहे हैं। कथा प्रसंग के दौरान प्रशांत जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक ऐतिहासिक पुरुष नहीं, बल्कि मर्यादा, त्याग, करुणा और कर्तव्य के जीवंत आदर्श हैं। उन्होंने श्रीराम के जीवन को आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में जब पारिवारिक और सामाजिक मूल्य कमजोर हो रहे हैं, तब रामचरित्र से प्रेरणा लेना अत्यंत आवश्यक है। प्रवचन के दौरान महाराज जी ने श्रीराम के प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कहा कि श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। चाहे राजा हो या सामान्य नागरिक, हर व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन राम के आदर्शों के अनुसार करना चाहिए। प्रशांत जी महाराज ने अपने प्रवचनों में समाज में आपसी प्रेम, सदभाव,सेवा और संस्कारों की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें ▶▶|शेष पेज 12 पर

किसानों ने की रबी फसल के लिए पानी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

फसल कटाई के बाद अब किसानों ने पाण्डुका क्षेत्र में पानी की मांग फिर तेज हो गई है। इन दिनों फसल कटाई के बाद किसान अपनी टोकन के माध्यम से धान बेचने में व्यस्त है इसी के साथ किसान अपनी दूसरी फसल लेने वाले किसान अपनी सुविधानुसार ट्यूबवेल से पानी छोड़ चुके है तो दूसरी ओर जो एरिया असिंचित है उस एरिया के बड़ी संख्या में किसान जो नहरों से लगा हुआ है उस जगहों में किसान नहर से पानी देने की मांग कर रहे है वहीं इस साल किसानों को लागत ज्यादा आई है फसल में तीस से 40 प्रतिशत की कम पैदावारी है जहां एकड़ में किसानों की फसल प्रति एकड़ 24 से 25 क्विंटल धान आता था वो इस साल 16 से 17 प्रति क्विंटल ही फसल आया है जिसके चलते किसानों का खाता 30 से 40% प्रतिशत कम भरने खाली रहने का अनुमान लग रहा ऐसे में किसानों का फसल बहुत ही कम हुआ है जिसके चलते पाण्डुका, सरकड़ा, कुरूद, कुटेना,कुकदा के किसानों ने पानी की मांग तेज कर दी है और किसानों ने जनवरी माह में ही पानी छोड़ने की मांग की है इससे पहले पिछले वर्ष विधायक की मांग पर किसानों को पानी दिया गया था लेकिन फरवरी माह और लेट से पानी देने के कारण किसानों की फसल लेट से कटाई और फसल में अच्छी रेट नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी देखी ▶▶|शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

कलेक्टर से पूर्व सैनिक संगठन ने की मुलाकात

महासमुंद। ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात की। अध्यक्ष युवराज ने बताया कि शहीद स्मारक खरोरा तलाब के पीछे सौंदर्यीकरण के लिए शहीद स्मारक में कुछ कार्य करने के लिए बारे में चर्चा की गई।

महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष बनीं सोनम

महासमुंद। छग महिला कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने प्रदेश के सभी जिलों में नियुक्तियां करते हुए जिला में सोनम बंसोड़ को महिला कांग्रेस का शहर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों एवं नीतियों पर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही संगठन के माध्यम से महिलाओं के हितों के लिये हमेशा संघर्षरत रहने एवं समय-समय पर अपने गतिविधियों की जानकारी प्रदेश महिला कांग्रेस को अवगत कराएंगे।

आलेखुंटा में मड़ाई आज

सिर्री। ग्राम आलेखुंटा के समस्त सतनामी समाज और ग्रामवासियों के तत्वावधान में 24 से 26 दिसंबर तक त्रिदिवसीय बाबा घासीदास पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 26 दिसंबर शुक्रवार को होगी। शुक्रवार को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है। साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहनी गुईयां (हेमलाल चतुर्वेदी) बेमेतरा की प्रस्तुति होगी।

सोनपुर में मड़ाई 27 को

सिर्री। ग्राम सोनपुर (कोड़ेबोड़) में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती एवं मेला मड़ाई का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ 27 दिसंबर शनिवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस उपलक्ष्य में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम राम बलराम नाचा पार्टी, ग्राम निपानी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

दो दिवसीय कबीर साहेब भव्य सत्संग समारोह 4 से

पुरी। आदर्श ग्राम पुरी में दो दिवसीय कबीर साहेब भव्य सत्संग समारोह का आयोजन 4 एवं 5 जनवरी 2026 को बाजार चौक में प्रातः 11 से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक किया गया है। जिसमें कबीर संत चंद्रकला साहेब मंडली सहित एवं क्षेत्रवासी संत पधार रहे हैं। यह जानकारी सुकालू राम साहू पुरी ने दी।

कातलबोड़ में आज से कबीर सत्संग

कुरुद। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कातलबोड़ में 26 से 28 दिसंबर तक तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन कबीर पारख मंडल एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में क्रांतिकारी युवा संत अभय साहेब, कबीर निकेतन कहलगांव जिला भागलपुर बिहार, हरेंद्र साहेब कबीर आश्रम परसट्टी नयापारा, समता साहेब कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम नवागांव कचना सहित अंचल के विभिन्न आश्रमों के संत महात्मा एवं साध्वी गण अपने संत मंडली सहित कबीर की वाणियों का प्रचार प्रसार एवं मानवीय गुणों का सिंचन करने के लिए पहुंच रहे हैं।

मांग : सरपंच पुरुषोत्तम सोम ने मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री से लगाई नए भवन निर्माण की गुहार

35 सौ की आबादी वाले भेजीपदर पंचायत के पास खुद का भवन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल विकासखण्ड मैनपुर का ग्राम पंचायत भेजीपदर आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि आजादी के इतने वर्षों बाद और 3500 की बड़ी आबादी होने के बावजूद इस पंचायत का अपना खुद का भवन कार्यालय नहीं है। पंचायत भवन के अभाव में शासकीय कार्यों के संपादन और बैठकों के आयोजन में भारी अव्यवस्था हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से पंचायत का संचालन एक पुराने और जर्जर हो चुके 'मनोरंजन भवन' में किया जा रहा था। भवन की स्थिति इतनी भयावह हो गई कि वहां बैठना जान जोखिम में डालने जैसा था। इसके बाद पंचायत को एक अन्य सामुदायिक भवन में स्थानांतरित किया गया, लेकिन वहां कमरों और जगह की भारी कमी है। न तो जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था है और न ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए पर्याप्त स्थान।

- मांग ग्राम पंचायत भेजीपदर में पंचायत भवन नहीं, नया भवन निर्माण की मांग

जर्जर कमरों में बैठने को मजबूर प्रतिनिधि

दस्तावेज सुरक्षित रखना और बैठकें करना हुआ दूभर

पंचायत भवन न होने से केवल बैठकें ही प्रभावित नहीं हो रही हैं, बल्कि सरकारी दस्तावेजों और पंचायत की सामग्रियों को सुरक्षित रखना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है। राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन और ग्रामसभा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ता है। सरपंच पुरुषोत्तम सोम ने कहा, /"जब पंचायत के पास खुद का कार्यालय ही नहीं होगा, तो विकास कार्यों का सुचारू संचालन कैसे संभव है?

शासन-प्रशासन से राशि स्वीकृत करने की मांग

भेजीपदर के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पंचायत मंत्री विजय शर्मा, कलेक्टर भगवान सिंह उइके और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर से नया पंचायत भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की है। इस दौरान सरपंच पुरुषोत्तम सोम, उपसरपंच धनेश्वरी साहू, सोहना बाई पावड़े, सुरजो ध्रुवा, कौशिल्या ध्रुव, कुशल सोरी, उपासी नेताम, भुवंती पाथर, शर्मिला पाथ, विद्याधर नागेश, हलधर मांझी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

कुकरीमाल में पेसा दिवस मनाया गया

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 07 किमी दूर ग्राम कुकरीमाल में गुरुवार को पेशा दिवस मनाया गया। इस दौरान संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र की पूजा अर्चना किया गया और ग्रामीणों को पेशा कानून और ग्रामसभा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम ने कहा हम आदिवासी आदिमकाल से जंगलो में निवास करते है प्रकृति हमारा देव है पेशा कानून को समझने की जरूरत है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सौरा यादव, महेन्द्र यादव, जनपद सदस्य प्रतापसिंह मरकाम, जन्मजय नेताम, भीमसेन मरकाम, पुरूशोत्तम, युवराज नेताम, गौकरण नागेश, परमेश्वर मरकाम, पदमलाल नेताम, हेमसिंग नेताम, बिसाहूराम मरकाम, फुलचंद कपिल, रामेश्वर नेताम, हीरोबाई नेताम, रिया कोमर्रा, रामसिंग मरकाम व बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

ग्राम टोकरो के अटल चौक में मनाई गई अटल जी की जयंती

नवापारा-राजिम। ग्राम टोकरो के अटल चौक में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की यादकर बहुत ही श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना कर जयंती मनाया गया। इस अवसर पर लखन साहू, व्यास नारायण, नरेंद्र निर्मलकर, प्रेमचंद, खिलावन, घनश्याम, शोभाराम, किशुन, रोशन, गोपाल, बोधन दुजराम शामिल हुए।

पंडित दीनदयाल वाटिका में अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचायत के पंडित दीनदयाल पुष्पवाटिका में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जंयती के अवसर पर अटल परिसर का जहां लोकार्पण किया गया। वहीं पर उनके मूर्ति का अनावरण किया गया।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने अटल बिहारी अमर रहे के गगन चुंबी नारे लगाये। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों के द्वारा स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी,उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, समाजसेवी डॉ. चंद्रशेखर हरित, सेवानिवृत शिक्षक घनश्याम यदु, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बंछोर, पार्षद रामनारायण टांडेकर, शांति कोसरे, अभिषेक सोनी, श्रीमति यदु, कमलेश यदु सहित पार्षद गण, संतोषी श्रीवास्तव, भुनेश्वरी साहू, लक्ष्मी श्रीवास्तव, कुंजनलाल साहू, दशरथ सिन्हा, महेन्द्र यदु, किरणेश सोनी, सीएमओ चंदन मानकर सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। वक्ताओं के द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये गये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। टीवी पर पर वर्चवुल उद्घाटन का प्रसारन किया गया।

भाजपा संगठन में उपेक्षा से भड़का यादव समाज मंडल कार्यालय का घेराव कर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा संगठन नियुक्ति में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए आक्रोशित यादव समाज ने भाजपा मंडल कार्यालय का घेराव किया। कहा की जिले में मौजूद 80 फीसदी यादव भाजपा के लिए समर्पित। भाजपा संगठन मोर्चा का जैसे जैसे नव नियुक्ति पदाधिकारियों की सूची जारी कर रही वैसे ही यादव समाज में नराजगी देखने को मिल रहा है और तो और यादव समाज के लोगों ने देवभोग भाजपा मंडल कार्यालय का घेराव कर दिया है।उन्होंने संगठन मोर्चा के महत्वपूर्ण पदा में समाज के वरिष्ठों को स्थान नहीं देने से ज्ञापन सौंप कर नाराजगी जाहिर किया है।घेराव के दरम्यान समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील यादव, खुदेश्वर यादव, यादव समाज महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष धनमति यादव, सीताराम यादव, तिरन यादव,प्रमोद यादव ,पुरुषोत्तम गोपाल समेत समाज के 40 से ज्यादा लोग मौजूद रहे। दरअसल भाजपा संगठन के 7 मोर्चा में अब तक 4 मोर्चा के प्रमुख पदों की सूची जारी हुआ है जिसमें यादव समाज के पदाधिकारियो को स्थान नहीं मिला है। भाजपा देवभोग मंडल अध्यक्ष ने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों मंडल ने अपनी बात रखी है।जिसे ऊपर संगठन तक पहुंचा दिया गया है।संगठन मोर्चा में अभी भी कई प्रमुख पदों में नियुक्तियां की जानी हैं। जहां यादव समाज को उचित स्थान दिया जाएगा। यादव समाज के स्थानीय भाजपा नेताओ ने आरोप लगाया कि पार्टी संगठन में उन्हे महत्वपूर्ण पदो में जिम्मेदारी नही दी जा रही है जबकि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 48 हजार से ज्यादा यादव समाज के लोग निवास करने की बात कही है।

छात्र-छात्राओं ने निबंध व चित्रकला के माध्यम से अटल जी को दी भावांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयीन बच्चों के लिए उनकी जीवनी पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विद्यालय में निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी तूलिका और कलम के माध्यम से अटल जी के व्यक्तित्व, उनकी कविताओं और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को बखूबी उकेरा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कृतियों में अटल जी के प्रति गहरी श्रद्धा और उनके सिद्धांतों की झलक देखने को मिली।

अटल जी का नाम छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में : पूरन- संस्था के व्याख्याता पूरन लाल साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अटल जी के गौरवशाली जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की अटल बिहारी वाजपेयी जी एक कुशल राजनेता के साथ-साथ प्रखर वक्ता और ओजस्वी कवि भी थे। उनकी कविताओं में मानवता और देशभक्ति का अद्भुत संगम मिलता है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का दर्जा देकर अटल जी ने इस अंचल की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता के रूप में उनका नाम इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उनके नेतृत्व में देश ने पारदर्शिता और सुशासन की एक नई परिभाषा सीखी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन में मुख्य रूप से व्याख्याता पूरन लाल साहू और क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। अंत में सभी ने सुशासन की शपथ ली।

पोंड में मनाई गई अटल जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

ग्राम पंचायत पोंड में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। साथ में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें शासन के दिशा निर्देश को सचिव द्वारा वाचन के माध्यम ग्रामीणजन को अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने अटल विचारों को याद किया। देश को विकसित भारत की उनके परिकल्पना को याद कर जिसमें डिजिटल भारत, ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क योजन, पोखरण परमाणुप परीक्षण, दुरस्थ क्षेत्रों का विकास, संचार क्रांति, कारगिल युद्ध,व पड़ोसी देशों से शांति समझौता जैसे कई निर्णायक भूमिका को याद कर उनके कुशल नेतृत्व व कुशल वक्ता व कवि के रूप में याद किया गया उनके इस राष्ट्रभावना के कारण देश के सर्वोच्च सम्मान से उन्हें भारत रत्न नवाजा गया इस अवसर में सरपंच श्रीमती कौशील्या लीलाधर कंवर, उपसरपंच श्री कुलेश्वर साहू, पंचगण दुलेश्वर साहू, देवेंद्र, गिरधर, रणजीत भांडेकर, तुलसी चौरे, रेवती, खेमिन साहू व सचिव युवराज सिन्हा, रोजगार सहायक राधिका भांडेकर भाजपा कार्यकर्ता गोपाल साहू ,मनीराम साहू,व ग्रामीणजन बिसहत साहू, बुद्धूराम, खलील मो. व आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता व स्वच्छता समूह के दीदियों के गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

परीक्षित मोक्ष की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा/बेलर

ग्राम सिर्रीखुर्द में सोनी परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिन गुरुवार को 'तुलसी वर्षा', 'गीता सार' एवं 'परीक्षित मोक्ष' के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में सराबोर कर दिया। स्व. रामभसोरा सोनी एवं स्व. फटकन सोनी की पावन स्मृति में आयोजित इस ज्ञान यज्ञ का समापन शुक्रवार को गीता पाठ, हवन-पूर्णाहुति और गंगा स्नान के साथ होगा। कथावाचक पं. डिकेश्वर शर्मा ने परीक्षित मोक्ष का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि श्रंगी ऋषि के श्रापवश तक्षक नाग ने वेश बदलकर राजा परीक्षित को डंस लिया, जिससे उनका नश्वर शरीर तो भस्म हो गया, लेकिन सात दिनों तक निरंतर भागवत कथा श्रवण के पुण्य से उन्हें परम मोक्ष की प्राप्ति हुई। उन्होंने जन्मेजय के 'सर्प संहार यज्ञ' और ऋषियों द्वारा उसे रोके जाने के प्रसंग को भी विस्तार से समझाया।

महाराज जी ने संस्कारों पर जोर देते हुए कहा की माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कार ही संतान के जीवन की दिशा और दशा तय करते हैं। भागवत श्रवण से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि मनुष्य को श्रेष्ठ कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर सोनी परिवार द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। आयोजन में परायणकर्ता ओम शर्मा, शुभम मिश्रा, महिपाल तिवारी एवं मिलन पांडेय महाराज द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया गया। आयोजन को सफल बनाने में ओमकार सोनी, अरुण वर्मा, कलिराम, भीम सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, मदन सोनी, लेख नारायण सोनी, राजेश सोनी सहित समस्त सोनी परिवार और ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। कथा में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक चढ़ोतरी अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

पेज 11 के शेष...

5 एकड़ में सब्जी...

बिक रहा है। सिर्फ 6 महीने की टमाटर की खेती से उन्हें लगभग 15 लाख रुपये की आय हो रही है। खेती में हुए मुनाफे से किसान ने महज 4-5 वर्षों के भीतर **बोलेरो, पिकअप और ट्रैक्टर** जैसे वाहन खरीद लिए हैं। खास बात यह है कि उनके इस कार्य से स्थानीय 20 से 25 मजदूरों को प्रतिदिन रोजगार भी मिल रहा है। उनके दो पुत्रों में से एक किसान है और एक शिक्षक, जो इस कार्य में हाथ बंटाते हैं। साथ ही हीरा नेताम भी उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करते हैं।

ओडिशा तक है पहचान- खामसिंग की ताजी सब्जियां खरीदने के लिए मैनपुर ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी व्यापारी और आम लोग सीधे उनके खेत तक पहुंचते हैं। उनकी सफलता देख क्षेत्र के अन्य किसान भी अब सब्जी की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

रक्सी में कबड्डी...

मरकाम 1000 रुपए, रूपा बाई 1500 रुपए, प्रमिला बाई नेताम मितानिन के द्वारा 1000 रूपए,परस राम सिन्हा के द्वारा 500 रुपए की राशि दी जाएगी। इस कार्यक्रम के अतिथिगण होंगे सरपंच सरिता ठाकुर, अध्यक्षता जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, विशेष अतिथि के रूप में भागवत सिन्हा ग्राम पटेल, शिवलाल सिन्हा ग्राम प्रमुख,रूपा बाई, धान बाईं पंच होंगे। यहां प्रतियोगिता के सभी मैच मिट्टी में खेला जाएगा। भोजन की व्यवस्था दूसरे दिन रहेगी। एक प्लेयर एक ही टीम से खेल सकता है। इस आयोजन को सफल बनाने में तन मन से संतोष ठाकुर,हरिशचद्र मरकाम, जितेन्द्र ध्रुव, कान्हा, उमेश ध्रुव, दुष्यंत ठाकुर, पुरषोत्तम, दिनेश, प्रांजल, निखिल, शत्रुघ्न, युवराज, पुष्पराज, लक्की,कविन्द्र, मुकेश सिन्हा सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

कठिन परिस्थितियों में...

सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी संयम, धैर्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए।

कथा स्मरण से जीवन में मंगल ही मंगल होता है- प्रशांत जी महाराज ने अयोध्या में मुनि विश्वामित्र एवं चक्रवर्ती धर्म सम्राट राजा दशरथ का वृतांत सुनाया। विश्वामित्र जी ने राजा दशरथ जी से लक्ष्मण जी समेत प्रभु श्रीराम को यज्ञ की रक्षा के लिए कहा। सीता स्वयंबर की कथा बताया। कहा कि श्रीराम विवाह की कथा स्मरण जो भी करता है उसके जीवन में मंगल ही मंगल होता है। श्री राम कथा के आयोजन में नवापारा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुँच रहे हैं। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन, जय श्रीराम के उदघोष और भक्ति-रस का वातावरण बना हुआ है। महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग एवं युवा सभी पूरे श्रद्धा भाव से कथा का श्रवण कर रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह श्री राम कथा नगर में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने तथा युवाओं को संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। श्री राम कथा का समापन आगामी दिनों में पूणार्हुति, हवन एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

किसानों ने की...

गई तो दूसरी ओर कटाई के समय ज्यादा बारिश होने के कारण और फसल कटाई में लेट के कारण किसानों को चैन गाड़ियों से कटाई करने में लागत ज्यादा आया जिसके चलते किसान मायूस दिखे तो इस साल किसानों ने जनवरी मे पानी छोड़ने को लेकर पाण्डुका क्षेत्र के किसानों की मांग तेज तथा जोर शोर से चल रहा है। जिसमें गांव किसानों ने बताया कि अब कलेक्टर से लेकर विधायक, जल संसाधन विभाग को आवेदन देने की बात कही है।

खबर संक्षेप

साहित्यकार विनोद शुक्ल को दी गई श्रद्धांजलि

महासमुंद। ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत, प्रख्यात साहित्यकार विनोद शुक्ल के निधन पर स्थानीय साहित्य समिति आस्था ने गहरा शोक प्रकट कर श्रद्घांजलि अर्पित की। संवेदना व्यक्त करते हुए समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि वे साहित्य जगत में अमूल्य योगदान के लिए सदैव याद किए जाएंगे। पचास वर्षों के लेखन कार्य में उन्हें पचास से भी अधिक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। उनकी प्रमुख कृतियां लगभग जयहिंद, सब कुछ होना बचा रहेगा, अतिरिक्त नहीं, पचास कविताएं व कभी के बाद अभी आदि है। उन्हें वर्ष 2024 में अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। समिति के सदस्यों एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, सरिता तिवारी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, केआर चंद्राकर, एसआर बंजारे, टेकराम सेन, सुजाता विश्वनाथन व उत्तरा विदानी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

खरोरा में माता तुलसी की जयंती मनाई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में माता तुलसी की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान फुलेश्वरी चंद्राकर ने कहा कि हर साल 25 दिसम्बर को माता तुलसी की जयंती को पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में तुलसी को सबसे पवित्र पौधा माना गया है। तुलसी से जुड़ी अनेक कथाएं भी हमारे पुराणों में मिलती है। तुलसी का महत्व हम उसी बात से समझ सकते हैं कि बिना तुलसी के पत्तों के भगवान विष्णु और कृष्ण को भोग नहीं लगाया जाता। माता तुलसी की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

सती जन्म उत्सव की कथा सुनाई

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव में आयोजित शिव महापुराण कथा में तीसरे दिन सती जन्म उत्सव कथा सुनाई गई। कथा वाचक पं. कमलेश दुबे ने कहा कि शिव की शांति से सारे संसार का पालन एवं कल्याण निहित है।

प्रवचन : 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 5001 दीपों से जगमगाया यज्ञ स्थल

यज्ञ का उद्देश्य केवल कर्मकांड नहीं बल्कि व्यक्ति का निर्माण है : प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/कोपरा

भगवान कोपेश्वरनाथ की पावन धरा कोपरा के हाई स्कूल परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का सैलाब उमड़ पड़ा है। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित 'शौर्य समृद्धि राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ' के तीसरे दिन न केवल वैदिक मंत्रोच्चार गूंजे, बल्कि सामाजिक कुरीतियों को मिटाने और राष्ट्र निर्माण का सशक्त संदेश भी दिया गया। यज्ञ के तीसरे दिन शाम को एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब 5001 दीपों को एक साथ प्रज्वलित किया गया।

दीप प्रज्वलन के साथ गायत्री महामंत्र की आहुतियों ने पूरे नगर को एक आलौकिक प्रकाश कुंज में बदल दिया। इससे पूर्व, दोपहर में आयोजित संगीतमय प्रवचन में मनुष्य बनने की कला पर विस्तार से चर्चा की गई। देव मंच से शांतिकुंज के प्रतिनिधि प्रमोद बारचे ने बताया कि यज्ञ का उद्देश्य केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि व्यक्ति का निर्माण है। इसी क्रम में यज्ञ शाला में विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए जिसमें पुंसवन संस्कार 20 गर्भवती माताएं शामिल हुईं। विद्यारंभ संस्कार 44 बच्चों ने शिक्षा की दीक्षा ली। अन्य संस्कार 21 भाई-बहनों का जन्मदिवस, 18 बच्चों का मुंडन और 4 बच्चों का नामकरण संस्कार वैदिक विधि से पूर्ण हुआ। महायज्ञ के इस पावन अवसर पर राज्य भंडार गृह अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, छत्तीसगढ़ गायत्री परिवार प्रमुख आदर्श वर्मा (रायपुर), उप जोन प्रमुख मनहरण लाल साहू, और राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मुन्ना लाल देवदास सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, पत्रकार भागीरथी सिन्हा, और नगर पंचायत उपाध्यक्ष तारणि कृष्णा सेन सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी यज्ञ भगवान की आहुति दी।

24 देव कन्याओं का सामूहिक जप और महिला शक्ति का योगदान

आयोजन स्थल पर भूमि पूजन के समय से ही 24 देव कन्याओं द्वारा निरंतर गायत्री मंत्र का सामूहिक जप किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर है। नगर की महिलाओं-यामिनी यादव, भारती साहू, योगेश्वरी साहू सहित गायत्री महिला मंडल की सक्रिय सहभागिता ने इस आयोजन को भव्यता प्रदान की है।

कल होंगे ये आयोजन

जिला गायत्री परिवार समन्वयक टीकम राम साहू ने जानकारी दी कि महायज्ञ के अंतिम चरण में 26 दिसंबर को दीक्षा संस्कार, यज्ञोपवीत (जनेऊ) एवं उपनयन संस्कार के विशेष आयोजन किए जाएंगे। टोली नायक प्रमोद बारचे ने कहा कि यह महायज्ञ नैतिकता, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल है। संगीतकार जय सिंह राजपूत, शिवम कुमार और श्याम लाल कोर्राम के वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबो दिया।

छुरा में अटल परिसर का भव्य लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भारत रत्न और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर नगर पंचायत छुरा में नवनिर्मित 'अटल परिसर' का भव्य लोकार्पण किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर राज्य के शीर्ष नेतृत्व ने वर्चुअली जुड़कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अटल जी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। अटल परिसर के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जुड़े। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू और राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

अटल जी का व्यक्तित्व और छत्तीसगढ़ निर्माण- कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, /"हमें सदैव अटल जी के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए, क्योंकि वे ही इस छत्तीसगढ़ राज्य के वास्तविक निर्माता थे। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने अटल जी को याद करते हुए कहा, वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक संवेदनशील कवि और दूरदर्शी राष्ट्रनायक थे। उनके विचारों में

राष्ट्रवाद और मानवता का अद्भुत संगम था। विरोधियों का सम्मान करना और लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी खूबी थी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, रजनी लहरे, बलराज पटेल, गरिमा ध्रुव सहित पार्षद संगीता अजय दीक्षित, यामीन (ट्रांसजेंडर), दीप्ति यादव, सुजल कोठारी और मानसिंह निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समारोह में खेमचंद जैन, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, मानसिंह दीवान, तुलाराम साहू, स्वच्छता दीदियां और बड़ी संख्या में नगर के नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने अटल जी के सुशासन के संकल्प को दोहराया।

भाजपा मंडल ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में गुरुवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती भाजपा मंडल द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी एक महान कवि लेखक और कुशल राजनितिज्ञ थे एक ऐसे नेता थे, उन्होने हमेंशा मूल्यों पर आधारित राजनीति किया वे देश के

विकास और गांव गरीब एंव किसानों की चिंता करने वाले नेता थे, अटल जी भाजपा के एक एक कार्यकर्ता के दिल में बसे है, उन्होने प्रधानमंत्री सडकों का जाल बिछाकर देश को एक सुत्र में पिराने का कार्य किया है, इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता अटल जी के जीवन कार्यो का अनुसरण करे। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, दुलार सिन्हा, रामदास वैष्णव, जनपद सदस्य कुमारी पटेल, महेन्द्र सोनी, रूपेश साहू, बाबूलाल साहू, रामस्वरूप साहू, मोहन कुशवाहा, सरपंच हनिता नायक, दिलीप साहू, रामजी साहू, चैनुराम नागेश, तीजुराम सिन्हा, गोविंद नायक, हेमंत साहू, सरिता ठाकुर, रोहित नायक, किशोर यदु, श्रवण नेताम, बि"ासर सिक्का, कोमल सोनवानी, ई"वर नागेश एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

खबर संक्षेप

सुभाष कालेज के छात्रों को विधायक ने किया पुरस्कृत

अभनपुर। नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाठा अभनपुर में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इंद्रकुमार साहू ने विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों तथा प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं एवं रचनात्मक स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, सोमेश चन्द्र पाण्डेय, बसंत कोसले प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उत्सव में विद्यार्थियों द्वारा बस्तरिहा नृत्य, सुवा नृत्य, राउत नाचा, पंथी नृत्य, नाटक एवं छत्तीसगढ़ी गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस दौरान प्राचार्य डॉ. व्ही. के. मिश्रा, डॉ. विनय कुमार यादव,डॉ. आशीष दीवान सहित सैंकड़ों विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

भेखराम साहू भाजपा मोर्चा के आमंत्रित सदस्य मनोनीत

अभनपुर। ग्राम कन्हेरा निवासी एवं खोरपा मंडल के भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता भेखराम साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मोर्चा का विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। वे रायपुर जिला ग्रामीण साहू संघ के उपाध्यक्ष भी हैं। मनोनयन पर उन्होंने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर नेहरू लाल साहू, पारसमणी साहू, अनिल साहू, हरीश वर्मा, कृष्णकांत नामदेव, डॉ. मनीष साहू, अर्जुन धीवर, रवि वर्मा, किशोर साहू, उमेंद्र साहू, जगदीश साहू, शशिकांत साहू,प्रशांत ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

घासीदास जयंती पर कल मड़ई-मेला

अभनपुर। सतनामी समाज ग्राम टीला (चम्पारण) के तत्वावधान में 27 दिसंबर शनिवार को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर भव्य जयंती समारोह एवं मड़ई मेला कार्यक्रम रखा गया है। एस कुमार साहू ने जानकारी देते बताया कि इस अवसर पर पंथी नृत्य दलों की प्रस्तुति एवं डॉ. राजेन्द्र रंगीला के लोक रंग ऑर्केस्ट्रा का आयोजन रहेगा।

ईसीसीई मेले में आंबा के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अभनपुर। अभनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कन्हेरा एवं उल्बा,केन्द्री के आंगनबाड़ी केंद्रों मे ईसीसीई मेला उत्सव संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। ईसीसीई मेला उत्सव के दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों ने गीत, चित्रकला, खेल तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों को उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों ने सराहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बाल मेला में बौद्धिक विकास, दैनिक जीवन में उपयोगी गतिविधियों तथा खेल-खेल में सीखो के सिद्धांत पर आधारित विभिन्न शैक्षणिक स्टॉल लगाए गए।

लोकार्पण : विधायक साहू ने जनता के समक्ष रखा दो वर्षों के विकास का रिपोर्ट कार्ड

छत्तीसगढ़ के विकास और निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान अविस्मरणीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गुरुवार को राजिम के सांई मंदिर के पास छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मजयंती के अवसर पर विधायक रोहित साहू ने एक गरिमामय समारोह के बीच नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटलजी की स्मृतियों को चिरस्थायी रखने उनके जन्म शताब्दी वर्ष में पिछले वर्ष नगरीय निकायों में अटल परिसरों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर 25 दिसम्बर को राज्य के 115 शहरों में नवनिर्मित अटल परिसरों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में लोकार्पण किया तथा अन्य 114 नगरीय निकायों में वर्चुअली जुड़े। खास बात यह है कि अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष को छत्तीसगढ़ सरकार अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण व इसके विकास में उनके योगदान को रेखांकित करने तथा उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने उनके जन्म शताब्दी वर्ष में राज्य के हर नगरीय निकाय में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में राजिम नगर पंचायत में नवनिर्मित अटल परिसर का विधायक रोहित साहू की उपस्थिति में लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।

राजिम को नगर पालिका का दर्जा मिलना विकास की बड़ी जीत- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी जब प्रधानमंत्री थे तब गांव गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बेहतर कनेक्टिविटी की शुरूआत हुई। विदेशी दबाव के बाद भी पोखरण परमाणु परीक्षण जैसे निर्णय उनकी देश के प्रति समर्पण का प्रतीक थी जो आज भी भारत की मजबूती की पहचान हैं। उन्होंने राजिम नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद में उन्नयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा विशेष रूप से विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने विधायक रोहित साहू के प्रयासों की सराहना की तथा राजिम को नगरपालिका परिषद का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता जताई। कहा कि विधायक रोहित साहू के प्रयासों से आज राजिम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास के कार्य फलीभूत हो रहे हैं। अटल जी ने जिस विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी वह उद्देश्य अब सार्थक हो रहा है।

विकास के नए आयाम गढ़ रहा- इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ने कहा कि राजिम विधानसभा और छत्तीसगढ़ राज्य अब काफी आगे बढ़ चुका है विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। साथ ही साथ अटल जी के सपनों को भी साकार कर रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण हमारे राजिम में देखने को मिल रहा है। हर दिन विकास के नए संकल्पों के साथ नए नए कार्यों और उपलब्धियों को हासिल करना मामूली बात नहीं है। इसके लिए दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करना पड़ता है और वो दृढ़ निश्चय का कार्य हमारे विधायक रोहित साहू ने के दिखाया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, वार्ड पार्षद उत्तम निषाद, पार्षद तुषार कदम, अजय पटेल,जानकी पटेल,आकाश राजपूत, लाला साहू, मनोज देवांगन, छाया राही, मधु नत्थानी, शरद पारकर, भारत यादव,पुरन यादव, संजीव साहू, रामकुमार साहू, अभिषेक सोनकर, संजू सोनकर, सोमनाथ पटेल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

अटल जी की भव्य प्रतिमा सुशासन की प्रेरणा देगा : साहू

इस गरिमामय समारोह के बीच उपस्थित जनसमुदाय के समक्ष विधायक रोहित साहू ने अपने जनसेवा के दो सफल वर्षों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड भी रखा। विधायक श्री साहू ने कहा कि अटल परिसर हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों के अनुरूप सुशासन का प्रतीक है। अटल जी की यह भव्य प्रतिमा हमें जनसेवा और सुशासन की प्रेरणा देगा। उन्होंने अपने विधायकी कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष पेश करते हुए कहा कि इन दो वर्षों में मेरा हर पल क्षेत्र की जनता की खुशहाली और विकास के लिए समर्पित रहा है। बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए क्षेत्र की सड़कों के जाल और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए अनेक नए कार्यों की मंजूरी इन दो वर्षों में हुई है। बताया कि किसानों को सिंचाई सुविधाओं और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँच रहा है,अनेक सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति इन दो वर्षों में हुई है जो कई दशकों से लंबित थी। जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र की जनता के समस्याओं का त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। विधायक श्री साहू ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि अभी तो यह शुरूआत है, धीरे धीरे राजिम विधानसभा को सबसे विकसित और सबसे सुंदर विधानसभा के रूप में पूरे प्रदेश में ख्यातिलब्ध करने राजिमवासियों के आशीर्वाद से प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने आंकड़ों के जरिए बताया कि कैसे पिछले दो वर्षों में विकास की गति पूर्व के वर्षों की तुलना में दोगुनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अटल परिसर का यह लोकार्पण सरकार के संकल्पों की एक छोटी सी झलक है, आने वाले समय में क्षेत्र में और भी बड़ी परियोजनाओं तथा बड़ी संस्थाओं के स्थापना के कार्य किए जाएंगे। मात्र दो वर्षों में राजिम विधानसभा क्षेत्र में लगभग 800 करोड़ रुपए का विकास कार्य होना इस बात का प्रमाण है कि हमारी सरकार //"हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे को चरितार्थ कर रही है।

अंचल में मनाई गई अटल बिहारी की 101वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती रसेला अंचल में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम कुडेरादादर, कोठी गांव,पीपरछेडी, रक्सी,भैसामुडा, मोगरा सहित सभी जगहों पर अटल चौंक पर एकत्रित होकर भारत रत्न अटल बिहारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर सभी भाजपाइयों एवं जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्यामलाल सोरी, महामंत्री नारायण सिन्हा, ईश्वर वर्मा भुवेन्द्र मरकाम, जनपद सदस्य बिमला नागेश, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, झवर अग्रवाल, कृष्णा गुप्ता ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय अटल जी ने अविवाहित रहते हुए अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। आगे कहा कि वाजपेयी जी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश में हुआ था और उनका निधन 16 अगस्त 2018 को हुआ।अटल जी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। वे जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और 1968 से 1973 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। सभी ने नई पीढ़ी से पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में स्वयं को समर्पित करने का आह्वान किया, ताकि विकसित भारत का संकल्प पूरा हो और गांव, गरीब, किसान व नौजवानो की समृद्धि हो। और वाजपेयी के विकसित भारत के निर्माण में अतुलनीय योगदान, समर्पण एवं त्याग के बारे में जानकारी दी गई। इसी कड़ी में ग्राम रक्सी के शीतला तालाब के पचरी में जनपद सदस्य नारायण सिन्हा और कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर अपना योगदान दिया गया। इसी कड़ी में मलेवा अंचल भाजपा मंडल के अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल और उपसरपंच परमेश्वर यादव, दयाराम नागेश, रामूसिह नागेश, लोकराम ध्रुव, नारद कमार, धनेश्वर ठाकुर आदि सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश को विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया। उनका जीवन सादगी,विचारशीलता और राष्ट्रसेवा का प्रेरक उदाहरण है। विद्यार्थियों को उनके विचारों और सिद्धांतो से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति को अपनाना चाहिए। मौके पर अशोक अग्रवाल, सचिव भुनेश्वर मरकाम,शिवदास मानिकपुरी, दशरू सोरी, संतोषी बाई नेताम, रोहित नेताम ग्रामीण उपस्थित थे।

भाजपा मंडल गरियाबंद ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भाजपा मंडल गरियाबंद द्वारा गुरुवार को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जन्म जयंती श्रद्धा भाव के साथ मनाई। कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिषद परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद वार्ड क्रमांक 15 स्थित अटल जी की छायाचित्र पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने राष्ट्र की अस्मिता, लोकतंत्र और सुशासन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनका जीवन देश सेवा, विचारों की शुचिता और सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रह्लाद ठाकुर ने किया। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मुरलीधर सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरोत्तम साहू, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता बलदेव सिंह हुंदल, अनूप भोसले, घनश्याम सिन्हा, नंदा स्वामी, प्रशांत मानिकपुरी, सागर मयाणी, रेणुका साहू, विष्णु मरकाम, दीनू सिन्हा, सरला उइके, तनु साहू, प्राची कुटारे, प्रतिभा हुमने, अशोक सेन, वंश गोपाल सिन्हा, प्रतीक सिंह एवं अमित वखारिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्यामनगर में अटल बिहारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

राजिम। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए भाजपा मंडल कोपरा द्वारा ग्राम श्यामनगर के बूथ क्रमांक 188 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं द्वारा अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का संपूर्ण जीवन सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ, जिससे प्रदेश की पहचान को मजबूती मिली और विकास की नई राह खुली। अटल जी का यह ऐतिहासिक निर्णय सदैव प्रदेशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अवसर पर मंडल महामंत्री हेमंत वर्मा, कृशलाल साहू, हिरावन साहू, लालजी साहू, कोमल साहू, होरीलाल वर्मा, भरोसा राम, वामन निर्मलकर,बिरझु राम, ज्ञानचंद वर्मा, नेमीचंद वर्मा, चम्पेश्वर वर्मा, गजाधर निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवापारा में अटल परिसर का लोकार्पण, स्वच्छता दीदियों के योगदान को अध्यक्ष ने सराहा

नवापारा-राजिम। 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की 101 वी जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस समारोह का आयोजन अटल परिसर, नवापारा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन वर्चुअल माध्यम से किया गया था। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ,मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ,सभापति ,पार्षद ,जनप्रतिनिधि, सीएमओ लवकेश कुमार पैकरा ,निकाय के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण, नागरिकगण एवं स्वच्छता दीदियाँ विशेष रूप से उपस्थित रहीं। समारोह में सुशासन कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता, एनयुएलएम के माध्यम से नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने, पारदर्शिता एवं जनसेवा के महत्व पर वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किए गए। अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने अपने उदबोधन में स्वच्छता दीदियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके सतत प्रयासों से नगर स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य समापन

स्वामी विवेकानंद टीम बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के प्रतिष्ठित नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का अभूतपूर्व आयोजन संपन्न हुआ। उत्साह और भव्यता से भरे इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों के शारीरिक कौशल को प्रदर्शित किया, बल्कि उनमें टीम वर्क, नेतृत्व और अनुशासन की भावना का भी संचार किया। खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत छुरा के सीईओ सतीश चंद्रवंशी, पालक समिति अध्यक्ष टेमनलाल साहू और स्कूल संचालक ललित कुमार साहू की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद स्कूल के चारों सदनों (हाउस) के छात्रों ने लयबद्ध मार्च पास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष कुमार निषाद ने कहा, खेल हमारे पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग हैं, जो छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करते हैं। उद्घाटन के दौरान टिकेश्वरी साहू, शारदा सिन्हा, गंगा ओगारे, विजय लक्ष्मी साहू सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद हाउस ने मारी बाजी- पूरे खेल महोत्सव के दौरान निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वामी विवेकानंद टीम (हाउस) ने सर्वाधिक पदक जीतकर 'ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी' पर कब्जा जमाया। वहीं रानी लक्ष्मी बाई टीम ने भी कड़ी टक्कर देते हुए शानदार खेल दिखाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र और ट्राफियां प्रदान कीं। सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हार-जीत से ज्यादा खेल भावना महत्वपूर्ण है। स्कूल प्रबंधन ने इस आयोजन को विद्यालय के इतिहास का सबसे सफल खेल उत्सव बताया, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मैदान पर दिखा रोमांच, विहान टंडन ने बनाया नया रिकॉर्ड

दो दिनों तक चले इस महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग की रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं

ट्रैक एवं फील्ड इवेंट्स- 100, 200, 400 मीटर दौड़ और रिले रेस में कड़ा मुकाबला देखा गया। सीनियर बॉयज की 400 मीटर दौड़ में कक्षा 6वीं के विहान टंडन ने नया स्कूल रिकॉर्ड स्थापित कर सबको चौंका दिया। इसके अलावा लंबी कूद, ऊंची कूद और गोला फेंक में भी छात्रों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।

जूनियर फन गेम्स - नन्हे बच्चों के लिए फ्रॉग रेस, लेमन-स्पून रेस, जलेबी रेस, बोरा दौड़ और चेयर रेस जैसे मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिससे माहौल खुशनुमा बना रहा।

प्रभु यीशु के जन्म पर गिरजाघरों में गूंजी प्रार्थना, सांता क्लॉज ने बांटा प्यार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रभु ईशु मसीह के जन्म दिन पर ईसाइ धर्म समुदाय के सबसे बड़े त्यौहार क्रिसमस डे पूरे उत्साह उमंग व प्रभु ईशु के प्रार्थना के साथ मैनपुर में धुमधाम के साथ मनाया गया। क्रिसमस पर्व पर बुधवार रात गिरजाघर में विशेष प्रार्थनाओं का दौर चला जहां ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु ईसु का जन्मोत्सव मनाया। क्रिसमस की पूर्व रात्रि मसीही समाज ने समाज के लोगों के घरों में पहुंचकर कैरोल सांग गाते प्रभु यीशु के आगमन का संदेश दिया। रात 12 बजे गिरजाघरों में पहुंचे मसीही समुदाय ने एक–दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। प्रभु की प्रशंसा मे ईसाई समुदाय के लोगो ने केरॉल्स गीत गाकर प्यार व भाईचारे का संदेश देते हुए घर घर पहुंचे। खुशियां मनाते रहे इस क्रिसमस डे पर क्रिसमस ट्री को रंगीन स्टार लाईटो एवं घर के कोने मे मिसलेटो को टांगते रंगीन गुब्बारो से सजाया गया है। वही इस क्रिसमस डे के अवसर पर ईसाई समुदाय के युवाओं ने चर्च मे प्रार्थना गाकर लाल व सफेद रंग के ड्रेस पहने सेंट, सांताक्लाज बनकर क्रिसमस मार्च कियां। क्रिसमस का त्यौहार मसीह समाज का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार है जो बड़े हर्ष और उल्लास प्रतिवर्ष दिसंबर माह की 25 तारीख को मनाया जाता है। ईसा मसीह के जन्म उत्सव की याद मे मनाया जाता है। लोगो का श्रध्दा है कि मानव जाति के कल्याण के लिये ईश्वर ने इसी दिन ईसा मसीह को इस संसार मे भेजा था। इस मौके पर पास्टर देवकोसरे, पूजा कोसरे, पास्टर नेलसन बाघमार, देवकन्या, रामबाई बाघमार, टालसटाय बाघमार, एलियाल बाघमार, संजय मसीह, रुपेश मसीह, विवेक राय, संत कुमार राय राकेश बाघमार, सुधा मसीह, बिंदु राय, भव्यआ, रितेश बाघमार, आर्यन, सौरभ बाघमार विनीत बाघमार, आयुष मसीह, अलेक्स एलेन राय, सिमरन विहान बाघमार केमरोन आरोन बाघमार घणानंद कुलेसिया आकाश बलवंत विवेक राहुल समस्त मसीह परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।